स्थिति तुरन्त सामान्य हो गई। तथाकथित दुर्व्यवहार में अन्तर्ग्रस्त चार व्यक्तियों में से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और चौथे अभियुक्त को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है। सेना प्राधिकारियों द्वारा जिस जांच के आदेश दिये गये थे, वह की जा रही है।

Reviewing of Economics of 12" T.V. Project by Ettdc.

*196. SHRI SATYENDRA NARAIN SINHA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Electronics Trade and Technology Development Corporation is reviewing the economic of its 12 inch TV project for export.

(b) whether the set has failed to obtain export orders; and

(c) if so, whether Government are thinking of closing the factory or shifting to some other line of production?

THE PRIME MINISTER (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

डा० भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति विखण्डित करना

*197. श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गत दो वर्षों के दौरान देश के विभिन्न भागों से डा० भीमराव अम्बेडकर की मूर्तियों को विखंडित करने, उनका अपमान करने और उन्हें बिगाड़ने के समाचार प्राप्त हुये हैं ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस बारे में कार्यवाही करने के लिये राज्य सरकारों को कुछ निर्देश दिये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

गृह मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बय्या) : (क) से (ग). महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में डा० अम्बेडकर की मूर्तियों को बिगाड़ने की कुछेक घटनायें ध्यान में आई हैं। इसके अतिरिक्त डा० अम्बेडकर के फ़ोटोफ्रेम को तोड़ने का एक मामला भी महाराष्ट्र में हुआ है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 295 के अधीन मामले दर्ज किये हैं।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

*198. श्री राम प्यारे पनिका : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी और यदि नहीं, तो क्या सरकार इसमें वृद्धि करने के लिये कोई उपाय कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी) : (क) से (ग). केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के औद्योगिक उत्पादन संबंधी अनन्तिम सूचकांक के आधार पर 1980–81 की अपेक्षा 1981–82 की वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत निकलती है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन से मिली औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक संबंधी अंतिम जानकारी अप्रैल, 1982 की है, तथा यह (अनन्तिम) सूचकांक अप्रैल, 1981 की अपेक्षा 7 प्रतिशत अधिक है।